**दिनांक–16.11.2016 को माननीय मुख्यमंत्री के निश्चय यात्रा के दौरान प्रधान सचिव द्वारा मधुबनी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, झंझारपुर, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के प्रतिनिधि, घोघरडीहा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, जयनगर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी एवं विभाग द्वारा नामित सहायक निवेशक सह–नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की गयी।**

**बैठक की कार्यवाही –**

**(1).** **हर घर शौचालय–** मधुबनी के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा हर घर शौचालय, के अन्तर्गत प्रपत्र-II में उपलब्ध कराए गए विवरणी पर विचार विमर्श हुआ। वर्ष, 2016–2017 में लक्ष्य 4097 के विरूद्ध प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले लाभार्थी की संख्या–932 पर प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि नवम्बर तक 2500 का Target रखते हुए दिसम्बर के अन्त तक कुल 4097 को लक्ष्य को पुरा करें एवं शौचालय निर्माण का कार्य भी दिसम्बर में प्रारम्भ कर देना है।

**(i)** सभी, कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वतलाया गया कि हर घर शौचालय में Survey के दौरान कुछ त्रुटि एवं गलत Survey हो गया है, उसको स्थल पर जाकर Verify कराने एवं उसे संशोधित कर विभाग को सूचना देने का निदेश प्रधान सचिव द्वारा दिया गया।

**(ii)** मधुबनी के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बतलाया गया कि वार्ड नं०–19 एवं 21 इस माह तक ODF हो जाएगा। प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि सभी कार्यपालक पदाधिकारी O.D.F वार्डों को घोषित करने का कार्य तीव्रता से करें।

**(iii)** प्रधान सचिव द्वारा चारो नगर निकायों के उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी के अपने–अपने क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य तीव्रता से करने का निदेश दिया गया एवं वर्ष, 2016–2017 का लक्ष्य दिसम्बर तक पूरा करने का निदेश दिया गया।

(2). **हर घर पक्की नाली गली योजना–** इस योजना के समीक्षा के क्रम में प्रपत्र–III में वर्णित विवरणी के आलोक में सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पन्द्रह दिनों के अन्दर निविदा निकालकर कार्य प्रारम्भ किया जाए, झंझारपुर के कार्यपालक पदाधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा बतलाया गया कि तकनीकि स्वीकृति हो चुकी है। निविदा की प्रक्रिया में है।

(3). **हर घर नल और जल**–हर घर नल जल योजना के समीक्षा के क्रम में प्रपत्र–I में वर्णित विवरणी के आलोक में सभी कार्यपालक पदाधिकारी से विचार विर्मश किया गया एवं निदेश दिया गया कि इस कार्य में तेजी लाया जाए एवं बिहार राज्य जल परिषद के कार्यपालक अभियंता से सम्पर्क कर आवश्यक सहयोग ले। मोडल प्राक्कलन 250, 500 एवं 1000 घरों के लिए सभी निकायों को भेजा जा चूका है।

(i) मधुवनी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा Allottement के संबंध में पूछे जाने पर प्रधान सचिव द्वारा वतलाया गया कि राशि विभाग द्वारा आवंटित कर दी जाएगी।

(ii) Model Estimate से 10 प्रतिशत इतर होने पर पुनः तकनीकी स्वीकृति लेने की आवश्यकता नही है।

(iii) PHED और BRJP की योजना को अलावे शेष योजना पर कारवाई तुरन्त प्रारंभ करें।

(iv) जयनगर के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बतलाया गया कि पी.एच.ई.डी. द्वारा निर्मित 2 टावर (जल मिनार) है, जिसमें एक टावर 425 घर को जल आपूर्त्ति कर रहा है।

(v) घोघरडीहा के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बतलाया गया कि यहाँ एक टावर है जो 5–6 वर्ष पुराना है। प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि पी.एच.ई.डी. से सम्पर्क स्थापित कर इसे Takeup करने की कारवाई की जाए। झंझारपुर के कार्यपालक पदाधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा वतालाया गया कि यहाँ 2 टावर (जल मिनार)का निर्माण कार्य चल रहा है।

**(4).** **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन – ठोस** अपशिष्ठ प्रबंधन योजना के समीक्षा के क्रम में प्रपत्र–V में नगर निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरणी के आलोक में सभी कार्यपालक पदाधिकारी से विचार विमर्श किया गया।

**(i)** मधुबनी के कार्यपालक पदाधिकारी द्वार वतलाया गया कि सभी 30 वार्डों में डोर टू डोर कचड़ा उठाव का कार्य हो रहा हे। Land Fill से संबंधित स्थल चयन एवं क्रय हेतु प्रक्रिया किया जा रहा है।

**(ii)** जयनगर के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वतलाया गया कि सभी वार्डों (14) में डोर टू डोर कचरा उठाव का कार्य चल रहा है।

**(iii)** झंझारपुर के प्रतिनिधि द्वारा वतलाया गया कि सभी वार्डों (16) में कचड़ा उठाव का कार्य हो रहा है, जिसमें 8 वार्ड में NGO के माध्यम से एवं 8 वार्ड में दैनिक मजदूरी के आधार पर कार्य चल रहा है। 5 कठ्ठा जमीन खरीदी गयी है, जिसमें कचड़ा का डम्पिंग किया जाता है।

**(iv)** घोघरडीह के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वतलाया गया कि कुल वार्ड–11 में सिर्फ 4 वार्ड में डोर टू डोर कचड़ा उठाव का कार्य चल रहा है। प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया कि शहर को सुन्दर एवं स्वच्छ वनाने हेतु कार्य में प्रगति लाया जाए। Public से User Charge देने के लिए प्रेरित किया जाए।

**(5).** **लोक निवारण**–सुशासन कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि प्राप्त आवेदन को तुरन्त निष्पादित किया जाए इसमें किसी प्रकार का कोताही नही वरता जाए।

**(6).** **सभी के लिए घर योजना**–सभी के लिए घर योजना के अन्तर्गत मधुवनी के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वतलाया गया कि स्वीकृत 340 लाभुकों में 280 लाभुकों को Work order दिया गया है। 200 में कार्य शुरू हो गया है एवं प्रथम आवंटन की राशि RTGS के तहत लाभुकों को दी गयी है।

**(i)** झंझारपुर के कार्यपालक पदाधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा वतलाया गया कि 500 स्वीकृत लाभुकों में 403 को Work Order दिया गया है। 241 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि RTGS के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया है।

**(ii)** घोघरडीहा के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वतलाया गया कि 408 लाभुकों में से 301 को Work Order दिया गया है। 290 में कार्य शुरू है। 251 को प्रथम किस्त की राशि एवं 130 लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशि उपलब्ध करा दिया गया है।

**(iii)** जय नगर के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वतलाया गया कि 277 लाभुकों को स्वीकृति दी गयी है। अभी तक इसके वाद कोई प्रक्रिया नहीं की गयी है।

**(iv)** प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि जो लक्ष्य निर्धारित है, उस लक्ष्य के अनुसार कार्य प्रारंभ करे ताकि लाभुको को Listing किया जाए एवं किस्त की राशि लाभुकों को उपलब्ध कराने में कोताही नहीं वरती जाए।

**(7).** प्रधान सचिव द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया। इसी क्रम में Kings नाला एवं Watson नाला जिसके द्वारा शहर का वरसात का पानी Flow करते हुए जीवज नदी में जाकर गिरता है, का भी निरीक्षण किया गया।

Kings नाला एवं Watson नाला के मिलान विन्दु एवं इसका outer Flow जीवज नदी में जाकर गिरता है, तक Gradient को ध्यान में रखकर DPR तैयार किया जाए। इस प्रकार के Existing नाले जितने भी शहरों में Exist कर रही है उसे योजना के माध्यम से एक अभियान चलाकर कारवाई किया जा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गया।

**( कुमार सर्वानन्द )** 13/2/17
**नोडल पदाधिकारी, मुधुबनी।**